>

Title: Regarding BHEL project in Osamanabad.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर : सभापति जी, मेरे क्षेत्र में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है । हमारे यहां हर शिक्षित को पढ़ाई खत्म करने के बाद स्थानांतरित होना पड़ता है । यह स्थानांतरण इतना भयावह है कि मेरे क्षेत्र की एक विधान सभा कम हुई है ।…(व्यवधान) महाराष्ट्र के इस क्षेत्र में किसानों की सबसे ज्यादा आत्महत्याएं होती हैं ।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You sit down at your place. In 'Zero Hour', you cannot compel them.

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Do not disrupt the House. केबिनेट मंत्री हाउस में बैठे हैं । आप हाउस को डिस्टर्ब मत कीजिए ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : वरिष्ठ मंत्री बैठे हुए हैं, हम कम्पैल नहीं कर सकते हैं ।

…(व्यवधान)

13.39 hrs

At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members went back to their seats.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर : सभापति जी, इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए उद्योग मंत्रालय के मंत्री जी को मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि

बीएचईएल की तरफ से एक ऐसा उद्योग मेरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित हो, जिसके लिए कम से कम पानी की आवश्यकता हो और जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध हो सके । इसके लिए एमआईडीसी की 373 हेक्टेयर जमीन भी अधिग्रहित हो चुकी है । वह जमीन भी इस उद्योग के लिए मिल सकती है । इस विषय में हमारे शिव सेना के युवा नेता सम्मानीय आदित्य ठाकरे जी ने भी कहा है । इस चर्चा के माध्यम से भारी उद्योग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि आप जल्द से जल्द इस उद्योग के निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाएं । यहां के हजारों बेरोजगार युवाओं को न्याय दें । मैं अपेक्षा करता हूं । मैं इस सर्वोच्च सभा का पहली बार सदस्य चुनकर आया हूं और संसद में पहली बार में ही अपने निर्वाचन क्षेत्र की बहुत महत्वपूर्ण मांग रख रहा हूं । आपके माध्यम से सम्मानीय भारी उद्योग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि आप इस विषय में न्याय दें । जय हिंद, जय महाराष्ट्र, जय शिव राय ।

माननीय सभापति : श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री राहुल रमेश शेवाले को श्री ओम पवन राजेनिंबालकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

मैं अधीर रंजन चौधरी जी को अपनी बात समाप्त करने के लिए एक मिनट देता हूं ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : मैं चाहता हूं कि जिन घरों में बच्चों की मौतें हुई हैं, उन सारे परिवारों को कॉम्पनसेशन दिया जाए । …(व्यवधान) मंत्री जी जवाब दें कि वे इसे कब पूरा करेंगे, कैसे करेंगे? …(व्यवधान) इस रोग से बचाने के लिए आप क्या-क्या उपाय निकाल रहे हैं? …(व्यवधान) आपको यहां हाउस में जवाब देना पड़ेगा । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : शून्यकाल में आप कंपैल नहीं कर सकते हैं ।

…(व्यवधान)